तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025

4
डेंगू नियंत्रण को लेकर फील्ड पर दिखे सजगता : कलेक्टर





## खबर संक्षेप

### 31 को बनोरा में मनेगा 32वां स्थापना दिवस

**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा का 32वां स्थापना दिवस आगामी 31 जुलाई गुरुवार को मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6:30 बजे प्रभात फेरी से होगी। इसके पश्चात 7:30 बजे ध्वज पूजन, 8:30 बजे सामूहिक आरती और 9 बजे छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। प्रातः 11 बजे से पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी का आशीर्वचन होगा। ट्रस्ट के प्रवक्ता ने बताया कि यह संस्था, पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के संकल्प से 32 वर्ष पूर्व एक बीज के रूप में स्थापित हुई थी, जो आज सेवा के वटवृक्ष के रूप में समाज को संरक्षण प्रदान कर रही है।

### जिले में 582.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 23 जुलाई तक 582.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 4.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है।
भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 657.8 मिली मीटर, पुसौर में 651, खरसिया में 563.6, घरघोड़ा में 562.8, तमनार में 440.2, लैलूंगा में 511.7, मुकडेगा में 628.9, धरमजयगढ़ में 515.1, छाल में 568.4 एवं कापू में 729.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### विद्यार्थियों की वर्गवार द्वितीय प्रतीक्षा सूची जारी

**रायगढ़।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की वर्गवार द्वितीय प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी 28 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर काउंसलिंग में शामिल हो सकते है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों को काउंसलिंग के समय अपना प्रवेश पत्र ले जाना आवश्यक होगा। साथ ही सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास एवं जाति प्रमाण.पत्र, वर्ष 2024-25 में कक्षा 8 वीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है तो इस आशय का संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण-पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण-पत्र या शाला छोड़ने का प्रमाण-पत्र, विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण-पत्र एवं 2 स्वयं का पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो लाना आवश्यक है। मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक को काउंसलिंग स्थल में प्रवेश की पात्रता होगी। निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में रिक्त सीट के आधार पर संस्था आबंटित किया जाएगा।

### 5 साल तक के बच्चों का बन रहा है आधार कार्ड

**रायगढ़।** कलेक्टर के निर्देश पर आंगनवाड़ी के 5 साल से कम उम्र के बच्चों का आधार कार्ड बनाने के लिए पोस्ट ऑफिस के सहयोग से विशेष कैंपों का आयोजन जिले के विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है, शिविर में जिन बच्चों का आधार कार्ड बनाया जाना है उसके लिए बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। साथ ही बच्चों के माता या पालक की उपस्थिति अनिवार्य है। शिविर मे मोबाइल नंबर का अपडेशन भी किया जा रहा है उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी केदो के सभी बच्चों का आधार कार्ड बनाया जाना अनिवार्य है जिसके लिए कलेक्टर ने प्रतिदिन के कार्यो की समीक्षा करने का निर्देश विभाग अधिकारी के साथ.साथ सहायक कलेक्टर को यह कार्य सोपा गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आधार कैंप का भ्रमण कर प्रगति की जानकारी ली तथा उपस्थित माता एवं बहुत बच्चों का हौसला अफजाई किया गया जिन केंद्रों का भ्रमण किया गया उसमें विकासखंड रायगढ़ के ग्राम पंचायत लाखा एवं ग्राम पंचायत गेरवानी कैंप कर भ्रमण कर बन रहे आधार कार्ड की जानकारी ली गई।

### 5 मकान को ढहाते हुए फसलों को भी पहुंचाया नुकसान, गांव में दहशत का माहौल

# अपने बच्चे के साथ काल बनकर आई हथिनी मासूम समेत तीन को कुचलकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल के लैलूंगा रेंज अंतर्गत आने वाले अंगेकेला और मोहनपुर गांव में मंगलवार की देर रात अचानक मादा हाथी व शावक की धमक हुई। अंगेकेला में हाथियों ने 3 साल के मासूम बालक सहित मोहनपुर में एक महिला व पुरूष को कुचल कर मार डाला। इसके अलावा हाथियों ने इन दोनों गावों में 5 मकानों को ढाहाते हुए फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। एक ही रात में हाथियों के इस आतंक से इन दोनों ग्राम पंचायतों के अलावा आसपास के गावों में भी दहशत का माहौल है। वहीं इस हृदयविदारक घटना से पूरे जिलेवासी स्तब्ध हैं।
दरअसल मंगलवार रात करीब दो बजे ग्राम पंचायत अंगेकेला में मादा हाथी और उसके दंतैल काल बन कर आए। इसके बाद दोनों हीरालाल के घर की बाड़ी में केला खाने पहुंचे। उस वक्त घर में सभी लोग मौजूद थे। हीरालाल और उसकी पत्नी परछी में तो उनके बच्चे घर के भीतर सो रहे थे। तभी हाथियों के आने ही आहट पाकर हीरालाल और उसकी पत्नी की नींद खुल गई। इसके बाद दंपती आनन-फानन में टॉर्च लेने घर के अंदर गए। तभी घर के अंदर सो रहा तीन साल का बालक सत्यम राउत आवाज सुनकर बाहर परछी में आ गया। इसके बाद सामने विशालकाय हाथी व उसके शावक को देख जोर से रोने लगा। बच्चे के रोने की आवाज से हाथी उग्र हो गए और मासूम को सूंड से पटक कर मार डाला। इसके बाद हाथियों ने इस गांव में काफी उत्पात मचाया और रात करीब 5 बजे अंगेकेला से ही लगे मोहनपुर गांव में पहुंच गए। जहां पुरूषोत्तम राठिया पिता भूखन साय 50 अपने घर में सो रहा था। जिसे हाथियों ने ढहा दिया तो मलबे में दब कर पुरूषोत्तम की मौत हो गई। इतना ही नहीं इसी गांव में हाथियों ने 45 वर्षीय महिला संतरा बाई को भी दौड़ा कर पटक-पटक कर उसकी जान ले ली।





### वन विभाग के अलर्ट के बाद भी लापरवाही से गई जान

दरअसल वन विभाग द्वारा मंगलवार की शाम 5 बजे ही मोहनपुर सहित आसपास के गांवों में हाथियों की मौजूदगी को लेकर अलर्ट जारी किया गया था। वहीं जंगल किनारे एकांत में रहने वाले लोगों को सरपंच के माध्यम से बीच बस्ती में शिफ्ट किया जा रहा था। मोहनपुर में जहां घटना घटी वहां जंगल से लगे चार घर थे। जिसमें से एक घर में रहने वाली महिला बस्ती में आ गई और पुरूषोत्तम को भी बस्ती में रहने वाले उसके भाई के घर भेज दिया गया था। इसके बाद भी पुरूषोत्तम किसी को बिना बताए वापस अपने मकान में सोने चला गया और उसकी जान पर बन आई। इसी तरह एक घर के लोग मकान छोड़ कर बस्ती आ ही रहे थे। तभी हाथियों ने उन्हें दौड़ा दिया। तीन पुरूष तो किसी तरह भागने में कायमयाब हो गए, लेकिन संतरा बाई भाग नहीं सकी और हाथियों ने उसकी जान ले ली।

### चारों दिशाओं में हाथियों का डेरा

डीएफओ ने बताया कि पूरा विभागीय अमला इन दोनों हाथियों की निगरानी में जुटा है और वन मंडल के चारों दिशाओं में हाथियों ने डेरा जमाया हुआ है। छाल, धरमजयगढ़, बोरो, बाकारूमा में हाथियों का दल विचरण कर रहा है। टीम द्वारा उनकी भी निगरानी की जा रही है।

### ग्रामीणों को करा रहे हैं शिफ्ट

इस घटना के बाद से वन विभाग में भी हड़कंप मचा हुआ है। वर्तमान में मादा हाथी और शावक का लोकेशन मोहनपुर जंगल में पहाड़ी के पास दिखा रहा है। जिससे मोहनपुर सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों कोए जोकि जंगल किनारे रहते हैं और जहां सड़क नहीं होने से चारपहिया वाहन जाने में परेशानी होती है वहां को टारगेट कर उन्हें सरपंच के माध्यम से सामुदायिक भवन, पंचायत भवन, रिश्तेदारों के यहां व स्कूलों में शिफ्ट किया जा रहा है।

### 5 मकानों को ढहाया और फसलों को भी पहुंचाया नुकसान.

मादा हाथी और शावक ने अंगेकेला में दो व मोहनपुर में 3 कुल 5 मकानों को ढहा दिया है। इसके अलावा टमाटर, केला और धान की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग द्वारा मृतकों के परिजनों को शासन की ओर से दी जाने वाली तत्कालीक सहायता राशि 25-25 हजार रुपए दे दी गई है। वहीं नुकसानी का आंकलन किया जा रहा है।

लैलूंगा रेंज के ग्राम पंचायत अंगेकेला और मोहनपुर में मादा हाथी और उसके शावक से एक मासूम बच्चे सहित तीन की जान ली है। इसके अलावा मकानों को ढहाते हुए फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। मृतक के परिजनों को सहायता राशि दे दी गई है वहीं हाथियों का लोकेशन मोहनपुर में रहने से ग्रामीणों को बस्ती में शिफ्ट कराया जा रहा है। ड्रोन कैमरा के सहारे हाथियों की निगरानी की जा रही है।
**जितेन्द्र उपाध्याय,** डीएफओ धरमजयगढ़।

### हाथियों के व्यवहार को समझने का कर रहे प्रयास : डीएफओ

दरअसल मादा हाथी और शावक द्वारा आत्माघाती रवैय्या अपनाने से विभागीय अधिकारी भी हैरान और परेशान हैं। इन हाथियों द्वारा एक सप्ताह के भीतर 4 को मौत के घाट उतारने से सभी सकते में आ गए हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल के डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि उनके द्वारा अंबिकापुर से डॉ अजीत पांडेय व प्रभात दुबे को बुलाया गया है। जिनके आने के बाद वो जंगल के अंदर घुस कर मुआयना करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मादा हाथी और शावक करीब ढाई माह पहले जशपुर तरफ से भटक कर आए हैं। जो दल से भटके रहते हैं उनका मुवमेंट अजीब रहता है। विभाग द्वारा इनके व्यवहार को देखा और समझा जा रहा है और एक्सपर्ट से बात की जा रही है।

### 10 मिनट के भीतर में ही दिया घटना को अंजाम

हाथी जब मोहनपुर में तांडव मचा रहे थे तब वन विभाग की टीम ने ड्रोन के माध्यम से उन्हें देख लिया। उस वक्त टीम घटना स्थल से करीब 200 मीटर दूर थी, लेकिन रोड नहीं होने पर उन्हें आने में करीब 10 मिनट का वक्त लगाए तब तक हाथी घटना को अंजाम देकर मोहनपुर जंगल की ओर भाग गए।

### कुछ दिन पहले वृद्ध को उतारा था मौत के घाट

कुछ दिन पहले ही बाकारूमा निवासी दौलतराम राठिया अपने निर्माणाधीन मकान के बाहर सो रहा था। उसके बगल में खाट पर उसकी पत्नी भी सो रही थी। तभी देर रात करीब 3 बजे जंगल से यही मादा हाथी अपने शावक के साथ गांव की ओर आ गई। जैसे ही मादा हाथी मकान के पास पहुंची, गांव के कुत्ते भौंकने लगे जिससे दौलतराम और उनकी पत्नी की नींद खुल गई। हाथी को देखकर दौलतराम उठने की कोशिश करने लगाए तभी मादा हाथी ने उस पर हमला कर दिया और पैरों से कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी।

## राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 26-27 जुलाई को भिलाई में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं जूनियर तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 26 जुलाई से 27 जुलाई 2025 तक डीपीएस रिसाली, भिलाई के अत्याधुनिक स्वीमिंग पूल परिसर में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के चयनित बालक और बालिकाएं अपनी तैराकी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में उम्र के आधार पर तीन समूह बनाए गए हैं। जिसमो सब जूनियर वर्ग, जिनका जन्म वर्ष 2013 अथवा 2014 में हुआ है। दूसरे ग्रुप में जिनका जन्म वर्ष 2011 या 2012 में हुआ है। वहीं तीसरे ग्रुप में जिनका जन्म वर्ष 2008, 2009 या 2010 में हुआ है। इन तीनों वर्गों में बालक और बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं अलग-अलग होंगी।

### रायगढ़ जिले से होंगे प्रतिभागी चयनित

रायगढ़ जिला तैराकी संघ की ओर से जानकारी दी गई है कि इस प्रतियोगिता में जिले के होनहार तैराकों को प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रायगढ़ के प्रतिभागियों के आने जाने का खर्चा जिला तैराकी संघ रायगढ़ स्वयं वहन करेगा। संघ के पदाधिकारियों ने जिले के सभी स्विमिंग क्लबों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे अपने योग्य तैराकों को इस प्रतियोगिता के लिए नामांकित करें, ताकि समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा सकें।

### रेत का उत्खनन, परिवहन हाइवा व मशीन जब्त

**शिवरीनारायण।** बरसात के मौसम में रेत के उत्खनन व परिवहन पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई गई है। बावजूद इसके शिवरीनारायण में उत्खनन व परिवहन कार्य धडल्ले से चल रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए वाहनों की जब्ती बनाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के बैराज मोड़ के समीप विगत दिनों से अवैध रूप से रेत का भंडारण किया जा रहा था। सोमवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर तहसीलदार शनूरुटी अपनी राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एक जेसीबी मशीन और हाइवा वाहन के माध्यम से रेत की ढुलाई और डंपिंग का कार्य जारी था जिसे उचे दामों में बेचने की फिराक में थे।

**जूटमिल थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर भेजा जेल**

## कर्मचारी ने ही की थी शोरूम में लाखों की चोरी, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा होंडा शो रूम से 3.72 लाख रुपए की चोरी मामले में पुलिस को सफलता मिली है। यहां काम करने वाले कर्मचारी ने ही घटना को अंजाम दिया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी नकदी रकम व घटना में प्रयुक्त बाइक को जप्त कर लिया है। वहीं उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।
दरअसल पंकज अग्रवाल निवासी चैतन्य नगर ने 14 जुलाई को थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 जुलाई की रात शारदा होंडा शोरूम से ऑफिस में रखी दिनभर की बिक्री की राशि 3 लाख 72 हजार 570 रुपए को किसी अज्ञात चोर ने लॉकर समेत चोरी कर ली है। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। जांच टीम ने शोरूम और आसपास सीसीटीवी कैमरे का सघन जांच किया। शोरूम के स्टाफ से पूछताछ करने पर पुलिस को एक कर्मचारी दिनेश साहू पर शक हुआ, जोकि घटना के बाद से ड्यूटी पर नहीं आया था और उसका मोबाइल भी बंद आ रहा था।



उसकी गतिविधियों पर नजर रखने मुखबिर तैनात किया गया था। बुधवार को सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने ग्राम कोतरलिया में दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी दिनेश साहू पिता बलराम साहू ने चोरी करना स्वीकार किया। उसने बताया कि चोरी की गई रकम में से करीब 20 हजार रुपए खर्च कर चुका है जबकि शेष राशि लॉकर सहित अपने घर के बाड़ी में छिपाकर रखा है। पुलिस ने उसके मेमोरण्डम पर चोरी में प्रयुक्त बाइक व शेष नगदी रकम 3 लाख 52 हजार 240 रुपए बरामद कर लिया है। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## महामाया मंदिर की दानपेटी से 28 हजार ले उड़े चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अज्ञात चोरों ने उर्दना के पास स्थित महामाया मंदिर में धावा बोलते हुए दानपेटी से 28 हजार रुपए को पार कर दिया। पुजारी ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में की है। जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।
दरअसल उर्दना के पास स्थित मां महामाया मंदिर में बीती रात अज्ञात बादमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मंदिर के पुजारी ईश्वर निषाद हर दिन की तरह सुबह पूजा करने मंदिर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने देखा कि मंदिर के मेन गेट के दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। वहीं मंदिर की दानपेटी में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ावे का करीब 28 हजार रुपए गायब था। बताया जाता है कि रात में चोर खिडक़ी के रास्ते से भीतर दाखिल हुए और लोहे की वेल्डिंग ग्रिल को तोडक़र मंदिर की दान पेटी में रखे रुपए लेकर फरार हो गया। पुजारी ईश्वर निषाद ने इस वारदात की रिपोर्ट सिटी कोतवाली थाने में दर्ज

**निगम कमिश्नर ने कहा- लचर व्यवस्था नहीं होगी बर्दाश्त**

## एमएमयू में खामियां, वेंडर कंपनी के भुगतान पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बुधवार को पंजरी प्लांट ऑडिटोरियम में मेडिकल मोबाइल यूनिट से जुड़े वेंडर, डॉक्टर, टेक्नीशियन सहित समस्त स्टाफ की बैठक लेकर उनके कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान एमएमयू संचालन में अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए वेंडर कंपनी का लाभांश रोकने के निर्देश जारी किए गए। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी गई।
निरीक्षण के दौरान एमएमयू वैनों में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब पाए गए, कई वाहनों में वाशबेसिन, पंखे, चेयर कुर्सी जैसी बुनियादी सुविधाएँ भी अनुपलब्ध थीं। वैन की छत पर लगे कैनोपी नहीं खुलने जैसी शिकायतें भी सामने आईं। इन समस्याओं की सूची एपीएम द्वारा पूर्व में ही तैयार कर वेंडर कंपनी भव्या हेल्थ सर्विस को भेजी जा चुकी थी। निरीक्षण के समय कंपनी की स्टेट हेड एकता तिवारी और जिला समन्वयक मौजूद रहे। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि अनुबंध के अनुसार सभी सुविधाओं को तत्काल दुरुस्त किया जाए और केवल प्रशिक्षित, अनुभवी ड्राइवरों को ही ड्यूटी पर रखा जाए।




### शिकायतों पर त्वरित संज्ञान रिपोर्ट में देरी अब नहीं चलेगी

बैठक में स्टाफ ने बताया कि विटामिनए थायराइड और अन्य रेयर जांच की रिपोर्ट आने में 4 से 7 दिन तक का समय लग रहा है, क्योंकि सैंपल रायपुर भेजे जाते हैं। इसपर कमिश्नर ने कड़ी आपत्ति जताते हुए लोकल लैब से अनुबंध करने और मरीजों को उसी दिन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### अब डेंगू, मलेरिया, सिकल सेल की जांच भी होगी

मौसमी बीमारियों की आशंका को देखते हुए श्री क्षत्रिय ने सभी एमएमयू वैनों में डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड की रैपिड टेस्ट किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही पॉजिटिव केस मिलने पर तत्काल सूचना देने के लिए स्टाफ को अलर्ट रहने को कहा गया। उन्होंने सिकल सेल जांच सुविधा को भी सभी यूनिट्स में अनिवार्य करने की बात कही।

## रायगढ़ जिला उपभोक्ता आयोग में ई-हियरिंग सुविधा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला उपभोक्ता आयोग रायगढ़ में आज एक नई तकनीकी पहल की शुरुआत हुई। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने वर्चुअल माध्यम से ई-हियरिंग ऑनलाइन सुनवाई सुविधा का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुनवाई की यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय दिलाने में सहायक सिद्ध होगी।
न्यायमूर्ति चौरड़िया ने बताया कि ई-हियरिंग से दूरस्थ क्षेत्रों के लोग भी अब बिना रायपुर आए अपने केसों की सुनवाई में शामिल हो सकेंगे। इससे समय श्रम और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि ई-फाइलिंग पहले से सभी जिला आयोगों में उपलब्ध थी अब ई-हियरिंग जुड़ने से छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां सभी जिला उपभोक्ता आयोगों में डिजिटल सुनवाई की सुविधा आरंभ हो चुकी है। कार्यक्रम की शुरुआत में रायगढ़ जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल ने ई-हियरिंग की प्रक्रिया इसके लाभ और उपभोक्ताओं व अधिवक्ताओं के लिए इससे होने वाली सहूलियतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज्य आयोग के रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी, डिप्टी रजिस्ट्रार मोना चौहान, लेखाधिकारी मधुलिका यादव, जिला आयोग रायपुर के अध्यक्ष डॉ. केशव शर्मा, सदस्य निरुपमा प्रधान और अनिल अग्निहोत्री, रायगढ़ जिला आयोग के सदस्य राजेंद्र पांडेय और राजश्री अग्रवाल मौजूद रहे। इसके अलावा अधिवक्ता संघ रायगढ़ के सचिव लोकनाथ केशवानी, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, नरेंद्र प्रधान, हरेंद्र साहू, ईश्वर पटेल, नरेश्वर पटेल, अजीत पटेल, अंशुमान राबड़ा, बृजेश पटेल सहित अनेक पक्षकार और अधिवक्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

23-July -RAG bhoomi-pg-2_Layout 1 7/23/2025 9:14 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया वेयर हाउस का आकस्मिक निरीक्षण



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को तहसील कार्यालय परिसर ईवीएम वेयर हाउस का आकस्मिक निरीक्षण किया। सुरक्षा संबंधी जानकारी ली। परिसर को नियमित साफ सफाई करने के निर्देश वेयर हाउस में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था और सी सी टी कैमरा चालू हालत में रखने के लिए कहा है। वेयर हाउस के छत की साफ सफाई करने के निर्देश दिए हैं और टूटी हुई लकड़ी को हटाने के लिए कहा है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधी गण और निर्वाचन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सर्पदंश से बचाव, नागपंचमी पर होगा कार्यशाला

**जशपुरनगर।** लोगों को सर्पदंश से बचाव के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 29 जुलाई को नागपंचमी के अवसर पर जशपुर वन मण्डल द्वारा जिला पंचायत सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा सर्प विशेषज्ञों के द्वारा सर्पदंश से बचाव एवं उपचार के संबंध में किसी आपात परिस्थिति में क्या करें तथा क्या न करें इसकी विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यशाला में सर्प से संबंधित ज्ञान रखने वाले सभी इच्छुक व्यक्ति शामिल हो सकते हैं।

### जिले में अब तक 5632.5 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 5632.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 23 जुलाई तक की स्थिति में 4097.0 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 115.2मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 599.6 मिमी, मनोरा में 723.8 मिमी, कुनकुरी में 799.4 मिमी, दुलदुला में 399.6 मिमी, फरसाबहार में 476.2 मिमी, बगीचा में 593.9 मिमी, कांसाबेल में 551.1 मिमी, पत्थलगांव में 447.9 मिमी, सन्ना में 666.9 मिमी एवं बागबहार में 407.1 मिमी वर्षा हो चुकी है।

### जनहानि के दो मामले में 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। बागबहार तहसील अंतर्गत ग्राम पतराटोली निवासी स्व. दशमेत बाई का नाला डेम के पानी में डूबने से 27 अगस्त 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति रूखनाथ हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार जशपुर तहसील के ग्राम पैकू.निवासी स्व. लिंजियुस मिंज का कुंआ के पानी में डुबने से 10 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारित उनके पत्नी श्रीमती दोमनिक मिंज हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### डीजल लूटने ग्रामीणों की मची होड़

**प्रतापपुर/पोड़ीमोड़।** प्रतापपुर-अंबिकापुर हाईवे बनारस मार्ग पोड़ी मोड के समीप 45 हजार लीटर डीजल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे हड़कंप मच गया। इधर डीजल से भरे टैंकर पलटने की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और लोगों में डीजल लूटने की होड़ मच गई। जानकारी के अनुसार टैंकर वाहन क्रमांक आरजे 14 2428 का चालक आजमनगर निवासी लाल साय यादव (30 वर्ष)मुगलसराय से झारसुगुड़ा लखनपुर माइंस डीजल लेकर जा रहा था। जैसे चालक टैंकर लेकर प्रतापपुर-अंबिकापुर हाईवे बनारस मार्ग पोड़ी मोड़ के समीप पहुंचा तभी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर के पलटने की सूचना मिलते ही पौड़ी मोड सहित आसपास गांव लोगों सहित बड़ी संख्या में राहगीर मौके पर एकत्रित हो गए।

# श्री फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर बगिया में दो दिनों में बने 63 हजार 211 पार्थिव शिवलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिला अंतर्गत बगिया स्थित श्री फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में श्रावण मास के पावन अवसर पर आयोजित 100108 पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप ले चुका है। बीते दो दिनों में श्रद्धालुओं की आस्था और सेवा भावना से अब तक 63,211 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण पूर्ण हो चुका है।इस विशेष पूजन कार्यक्रम का समापन गुरुवार, 24 जुलाई 2025 को किया जाएगा। समापन अवसर तक 1 लाख 108 पार्थिव शिवलिंग निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसे श्रद्धालुजन मिलकर पूर्ण करने में जुटे हैं।

### पूजा में जुटीं कौशल्या साय

इस महापर्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय लगातार अपनी उपस्थिति से आयोजन को गरिमा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने विधि-विधान और वैदिक रीति से पूजा-अर्चना संपन्न कराते हुए श्रद्धालुओं को प्रेरित किया। उनका संयम, श्रद्धा और संकल्प इस आयोजन को एक विशेष स्वरूप प्रदान कर रहा है।



शिव महापुराण कथा का वाचन करतीं किशोरी राजकुमारी तिवारी शास्त्री।



महिलाओं के साथ शिवलिंग निर्माण करतीं कौशल्या साय।

**शिव महापुराण कथा का दिव्य वाचन:** कार्यक्रम के साथ-साथ श्रद्धालुओं के आध्यात्मिक उत्थान हेतु प्रसिद्ध कथा वाचिका किशोरी राजकुमारी तिवारी शास्त्री द्वारा शिव महापुराण कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा में भगवान शिव की महिमा, भक्ति मार्ग का महत्व और शिवलिंग पूजन की विशेषता का सारगर्भित वर्णन श्रद्धालुओं को आत्मिक आनंद से सराबोर कर रहा है।

### लगाए गंभीर आरोप, एनएचएआई सो रहा गहरी नींद में

# टोल प्लाजा पर अवैध वसूली धरने पर बैठा ड्राइवर संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- नेशनल हाइवे पर घंटो तक लगा रहा लंबा जाम

कटनी-गुमला नेशनल हाईवे पर स्थित जिले के एकमात्र लोदाम टोल प्लाजा पर बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। ड्राइवर संघ ने टोल प्लाजा कर्मचारियों पर निर्धारित टोल टैक्स से अधिक वसूली करने का गंभीर आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। ड्राइवरों और टोल कर्मचारियों के बीच घंटों तीखी नोकझोंक के बाद ड्राइवर संघ टोल प्लाजा के सामने धरने पर बैठ गया। इससे घंटों तक नेशनल हाईवे पर जाम लगा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को लोदाम थाने पहुंचाया।




टोल प्लाजा में धरना प्रदर्शन करता चालक संघ।



मौके पर खड़े सब्जी ढोने वाले पिकअप वाहन।

**अवैध वसूली का आरोप:** दरअसल, कटनी-गुमला नेशनल हाईवे पर बने लोदाम टोल प्लाजा पर उस वक्त हंगामा मच गया जब जिले के सन्ना मनोरा क्षेत्र से निकलने वाली सब्जियों को पड़ोसी राज्यों झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में ले जाने वाले ड्राइवरों ने देर रात टोल प्लाजा कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए नेशनल हाईवे 43 जाम कर नारेबाजी शुरू कर दी। सब्जी व्यापारियों ने ड्राइवरों के साथ मिलकर यह विरोध प्रदर्शन किया। ड्राइवर संघ का आरोप है कि टोल प्लाजा पर खुलेआम अवैध वसूली का खेल चल रहा है। उनके अनुसार, शासन द्वारा निर्धारित टोल टैक्स के अलावा, लोदाम टोल प्लाजा में छोटी मालवाहक गाड़ियों से 100 रुपये और ट्रकों से 500 रुपये का अतिरिक्त चार्ज प्रति गाड़ी लिया जा रहा है।

**हाईवे पर लंबा जाम, पुलिस ने की कार्रवाई:** इस दौरान टोल प्लाजा के कर्मचारियों और ड्राइवर संघ के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। धीरे-धीरे ड्राइवरों की संख्या बढ़ती गई और पूरा नेशनल हाईवे जाम हो गया, जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। घंटों तक चले विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी के चलते वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जब इस मामले की सूचना लोदाम पुलिस को मिली, तो वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों पक्षों को लोदाम थाना ले आए। फिलहाल, पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में अवैध वसूली को लेकर व्याप्त रोष एक बार फिर सामने आया है।

# 36 लाख का गांजा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- ऑपरेशन 'आघात'

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना तपकरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ओड़िसा से गांजा लेकर मध्यप्रदेश जा रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक क्विंटल 21 किलो 850 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी बाजार कीमत 36 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जुलाई को तपकरा पुलिस को सूचना मिली कि सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार (सीजी 04 डीआर 6000) में ओड़िसा से भारी मात्रा में गांजा मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन पर त्वरित घेराबंदी की गई। लावाकेरा बैरियर पर चेकिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर द्वारा बताए गए नंबर की गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोका और तलाशी लेने पर डिक्की में पीले प्लास्टिक टेप में लिपटे 100 पैकेट गांजा बरामद किया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



बरामद गांजा।

### नशे के खिलाफ जारी रहेगी पुलिस की जंग

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने स्पष्ट किया कि पुलिस का 'ऑपरेशन आघात' पूरी सक्रियता के साथ जारी है। जिले में नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। हम लगातार तस्करों की धरपकड़ के लिए मुखबिर तंत्र को भी और मजबूत कर रहे हैं।"

# तीन स्थानों पर होगा उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण



- मुख्यमंत्री ने दी जिले को 11 करोड़ 52 लाख रुपए की सौगात

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए एक और बड़ी सौगात दी है। जिले के तीन प्रमुख नदी-नालों में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए कुल 11 करोड़ 52 लाख 43 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यों से ग्रामीण अंचल की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी और वर्षा ऋतु में भी अब नागरिकों को आवागमन में परेशानी नहीं होगी।

### यहां बनेंगे तीन प्रमुख पुल

लोक निर्माण विभाग द्वारा जशपुर जिले के बोडोकछार से चटकपुर मार्ग पर स्थित चंपाझरिया नाला में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 4 करोड़ 46 लाख 58 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ता है और पुल निर्माण से वर्षा के दिनों में बहाव से कटने वाली सड़क की समस्या स्थायी रूप से दूर होगी।जिले के भालूमुंडा-खजूरघाट मार्ग पर स्थित कोकिया नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण हेतु 3 करोड़ 32 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस पुल के निर्माण से ग्रामीणों को पूरे साल निर्बाध रूप से आवाजाही की सुविधा मिल सकेगी।डूमरबहार से तमता मार्ग पर शेखरपुर के पास गुढ़ा नाला पर बनाया जाएगा। यहाँ 3 करोड़ 73 लाख 85 हजार रुपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण को मंजूरी दी गई है। इससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी सुगमता से पहुंच सकेंगी।

### लोगों ने जताया साय का आभार

इन पुलों के निर्माण से संबंधित क्षेत्रों के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। यह परियोजनाएं क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को भी गति देंगी।

# योग्यता का मजाक, दसवीं पास कर्मचारी बना सहायक ग्रेड 2

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

विकासखंड शिक्षा कार्यालय बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में एक ऐसा मामला सामने आया है। जहां एक दसवीं पास कर्मचारियों को सहायक ग्रेड 2 के पद पर पदोन्नति किया गया है। जो नियमों का उल्लंघन है। इस पदोन्नति के लिए आवश्यक योग्यता जैसे स्नातक की डिग्री या अन्य आवश्यक दस्तावेज विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पास उपलब्ध नहीं है। जिससे भ्रष्टाचार के आशंका बढ़ गई है।

ऐसे मामलों में विकास शिक्षा अधिकारी का मुख्य कार्य शिक्षा का प्रशासन, पर्यवेक्षक, निरीक्षण, मार्गदर्शन और नियंत्रण करना होता है। ना कि इस तरह के मामले में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना चाहिए और शिक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को कम करते। सहायक ग्रेड 2 के लिए योग्यता आमतौर पर किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री होती है। इसके अतिरिक्त कुछ मामलों में कंप्यूटर दक्षता और टाइपिंग कौशल भी आवश्यक हो सकता है। किसी भी विषय में स्नातक तथा विशिष्ट विषय में स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होती है। लेकिन एक ऐसा कर्मचारी यहां पदस्थ है जिनके पास सिर्फ कक्षा दसवीं की योग्यता संबंधी अंकसूची ही है और ऐसे व्यक्ति यहां सहायक ग्रेड 2 के पद पर धडल्ले से कार्य कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सहायक ग्रेड 2 के एक एक कर्मचारी को पूर्व में पदोन्नति हेतु सेवा पुस्तिका के आधार पर संबंधित कार्यालय से जानकारी उच्च कार्यालय को दे दी गई है जिसके चलते पदोन्नति का लाभ संबंधित को दिया गया है ।इसकी जांच की जानी चाहिए। इस तरह यहां गड़बड़ झाला का गंभीर आरोप सरिया के जागरूक नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुरलीधर पाणिग्राही ने लगाया है। उन्होंने सारंगढ़ बिलाईगढ कलेक्टर से मांग किया है कि इस मामले में उच्च स्थिति जांच की जाए। ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को सजा मिल सके। मुरलीधर पाणिग्रही ने जिला शिक्षा अधिकारी से भी मांग किया है कि बरमकेला शिक्षा विभाग का यह एक गंभीर मामला है। जिस पर तत्काल ध्यान देने और उचित कार्रवाई करने की आवश्यकता है। ताकि शिक्षा विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित किया जा सके। इसकी जानकारी तब हुई जब मुरलीधर पाणिग्राही ने शिक्षा विभाग बरमकेला में पदस्थ कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन एवं योग्यता संबंधी जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मांगी। तब बरमकेला शिक्षा विभाग के द्वारा 16 जुलाई को बरमकेला के जन सूचना अधिकारी स्वयं विकासखंड शिक्षा अधिकारी हैं और उनका ही योग्यता संबंधी जानकारी सूचना के अधिकार के तहत प्रदान नहीं की गई है। कुल 36 पेज की जानकारी में यहां पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार जांगड़े का योग्यता संबंधी एक भी जानकारी नहीं दी गई है। इसके साथ ही सहायक ग्रेड 2 राम सिंह निषाद की योग्यता संबंधी जानकारी कक्षा दसवीं उत्तीर्ण की ही दी गई है। इसे पता चलता है कि राम सिंह निषाद कक्षा दसवीं तक की पढ़ाई की है और उन्हें सहायक ग्रेड 2 के पद पर कैसे नियुक्त किया गया। यह जांच का विषय है। सूचना के अधिकार के तहत मुरलीधर पाणिग्राही ने यहां पदस्थ समस्त कर्मचारियों की पुलिस वेरीफिकेशन एवं योग्यता संबंधी जानकारी मांगी थी। जहां पुलिस वेरिफिकेशन की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस तरह सूचना के अधिकार की धज्जियां भी उड़ाई गई है। उन्होंने कलेक्टर से मांग किया है कि जिले में पदस्थ समस्त कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन एवं योग्यता संबंधी दस्तावेजों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।




- विकासखंड शिक्षा विभाग बरमकेला में भ्रष्टाचार चरम पर

# कलेक्टर ने ली हाथी मानव संघर्ष रोकने समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में वन विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर और डीएफओ शशि कुमार ने अधिकारियों से जिले में हाथी और मानव के बीच उत्पन्न संघर्ष की स्थिति को रोकने, हाथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सर्पदंश की घटनाओं से बचाव हेतु जागरूकता प्रसार जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने वनक्षेत्रों से गुजरने वाले खंभों में लगे विद्युत लाईन जो निर्धारित ऊंचाई से नीचे झूल रहे हैं उसे ठीक करने निर्देश विद्युत विभाग को दिए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने बताया की 100 स्थानों में हाई मास्ट लगवाने की कार्रवाई की जा रही है।

### 15 अगस्त से 6 फरवरी तक मनाया जाएगा रजत जयंती

# रजत जयंती वर्ष के आयोजन की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश

- कर्मचारियों के लंबित पेंशन व अन्य प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर आगामी छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष आयोजन की तैयारियां के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अवसर पर रजत जयंती जिले में 15 अगस्त 2025 से 6 फरवरी 2026 तक 25 सप्ताहों तक मनाया जाना है।

रजत जयंती वर्ष का आयोजन दो चरणों में होगा। पहला चरण 15 अगस्त 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक होगा। दूसरा चरण 01 नंवबर 2025 से 6 फरवरी 2026 तक होगा। रजत जयंती वर्ष के आयोजन के अवसर पर जिला के सभी विभागों द्वारा अपने साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें उनकी विभागीय योजनाओं एवं जिला में 25 वर्ष में विभाग द्वारा किए गए कार्यों का समावेश होगा। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने विभाग की उपलब्धियों पर आधारित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का रजत जयंती का उत्सव, युवा, अन्नदाता व नारी पर आधारित होगी, जिसमें इनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में जनभागीदारी, सरकारी और निजी क्षेत्र से जुड़े लोगों सहित आम जनमानस की सक्रियता और सहभागिता से जनगौरव और देशभक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में विरासत और विश्वास का संगम होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत की गतिविधियों को शामिल किया जाएगा। कलेक्टर ने रजत जयंती कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विभिन्न विभागों को अपने जिले की महत्वपूर्ण गतिविधियों को शामिल करने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों के दौरान जिला में विभागों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का समावेश होना चाहिए।



साप्ताहिक समय -सीमा की बैठक लेते कलेक्टर।

# कलेक्टर ने किया जिला संग्रहालय का निरीक्षण



जिला संग्रहालय का निरीक्षण करते कलेक्टर।

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को जिला संग्रहालय का आकस्मिक निरीक्षण किया और परिसर की साफ सफाई नियमित करने के निर्देश दिए हैं। पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के लिए कहा है।कलेक्टर ने कहा कि पुरातत्व संग्रहालय में प्राचीन काल की बहुत अच्छी धरोहर को सहेज कर रखा गया है। इसको संरक्षित करके रखना बेहद जरूरी है। जिला पुरातत्व संग्रहालय समिति के सदस्यों को संगाहलय को और कैसे व्यवस्थित रखा जा सकता है। इस संबंध में सुझाव भी लिए और जनसहयोग से पुरातत्व काल की वस्तुओं के संबंध जानकारी का भी उल्लेख करने के लिए कहा है ताकि आने वाली पीढ़ी को इतिहास की जानकारी नियमित होती रहे। कलेक्टर ने जिला संग्रहालय के खिड़की दरवाजे, ठीक करने के निर्देश दिए हैं। शौचालय की साफ सफाई करके व्यवस्थित करने के लिए कहा और परिसर के झाड़ियां की साफ सफाई करने के भी निर्देश दिए हैं। न्होंने पर्यटन कार्यालय बनाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत एसडीएम जशपुर ओंकार यादव, नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, आरईएस के प्रभारी कार्यपालन अभियंता श्री राजेश श्रीवास्तव और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



# संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

लाइफ Style



# फातिमा
## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।

हॉलीवुड मसाला




# अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



# वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



# स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'




# 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।

टीवी मसाला



# सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

## अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं। अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।



# बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं। इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।

# सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

**इमरान खान :** सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली वैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन :** आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर



बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव :** साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान :** इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए
# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



*नई दिल्ली। 'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

**खबर संक्षेप**

### मुद्रणालय में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन

**सारंगढ़।** संचालक शासकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री छत्तीसगढ़ रायपुर की ओर से चतुर्थ श्रेणी का विज्ञापन जारी किया है जिसका ऑनलाइन आवेदन छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के वेबसाइट में 25 जुलाई तक जमा किया जाना है। इसमें जूनियर बाइंडर पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण और अनुभव होना चाहिए। इसी प्रकार डार्करूम असिस्टेंट, पेस्टिंग बॉय, ऑग्ज़ीलरी, इंकमन इंकर के पदों के लिए पांचवी उत्तीर्ण और अनुभव होना चाहिए। अन्य पद हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, भृत्य, हेल्पर के लिए पांचवी उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके विस्तृत जानकारी के लिए लिंक है। उल्लेखनीय है कि रायपुर नवा रायपुर और राजनांदगांव में ही यह कार्यालय संचालित होता है।

### ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई

**सारंगढ़।** संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ ने फार्मासिस्ट ग्रेड 2 पद के लिए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के वेबसाइट में 25 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इस पद के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में फार्मेसी काउंसिल से पंजीकृत औषधि निर्माण फार्मेसी में डिप्लोमा और छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिए लिंक है।

### सारंगढ़ अस्पताल में निःशुल्क डायलिसिस सेवा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत जीवनधारा निःशुल्क डायलिसिस सेवा का सफल संचालन किया जा रहा है। क्रोनिक किडनी के मरीजों में खून की कमी, मूत्र में रक्त आना, पैरो में सूजन आना, चेहरों में सूजन आना, थकान, उक्त रक्तचाप, अनिद्रा, भूख में कमी, त्वचा में खुजली, रात्रि में जल्दी जल्दी पेशाब आना, मासपेशियों में झनझनाहट होना, सांस लेने में तकलीफ होना, मूत्र में प्रोटिन आना, शरीर के वजन में अचानक बदलाव आना, सिर दर्द होना आदि प्रकार के लक्षण होते है। इस प्रकार के लक्षण होने पर प्रतिदिवस जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में आकर जांच एवं उपचार हेतु चिकित्सकीय सलाह ले सकते है। मरीजों द्वारा ऐसे लक्षण होने पर नजर अंदाज करने पर विभिन्न प्रकार के जटिलताएँ हो सकती है एवं गुर्दे की विफलता की संभावना बढ़ जाती है जिसकी वजह से बहुत प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसमें खून की कमी, केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र का नष्ट होना, त्वचा का रंग परिवर्तित होना, रक्त में पोटेशियम का स्तर बढ़ जाना जिससे हृदय को नुकसान होता है। अनिद्रा, पेरीकार्डिटिस, पेट में अलसर होना, प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाना इस प्रकार की जटिलताएँ होती है। इसी प्रकार के मरीजों को हिमो डायलिसिस कराने की संभावना बढ़ जाती है।

### आल मुस्लिम वेलफेयर हसनैन इस्लामिक क्विज

**रायगढ़।** आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन रायगढ़ के तत्वाधान में सिरते हसनैन इस्लामिक नॉलेज कंपीटिशन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 27 जुलाई रविवार को मधुबन पारा स्थित मस्जिद गरीब नवाज में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ये है कि आज की बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ साथ दीन के बारे में जागरूक करना है। आल मुस्लिम वेलफेयर रायगढ़ के जिलाध्यक्ष वसीम खान ने बताया कि सिरते हसनैन इस्लामिक नॉलेज कंपीटिशन दो ग्रुप में होगा जिसमे एक ग्रुप में कक्षा पहली से पांचवीं तक के दूसरे सीनियर ग्रुप में कक्षा छठवीं से 12 तक के छात्र छात्राएं हिस्सा ले सकती हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अग्रिम पंजीयन कराना अनिवार्य होगा जो पूरी तरह निःशुल्क है। प्रतिभागियों के हौसला अफजाई के लिए पुरुष्कार रखे गए प्रथम द्वितीय और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान हज से वापस आए हुए रायगढ़ शहर के हाजियों का एजाज़ किया जाएगा।

## रायगढ़ पुलिस की सूझबूझ और जमीनी नेटवर्क की बड़ी सफलता, 27 लाख की चोरी का पर्दाफाश

# एक धुंधली तस्वीर, ग्रामीण की सूचना और 9 दिन की मेहनत के बाद श्याम मंदिर का चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ के प्रतिष्ठित श्याम मंदिर में हुई 27 लाख की चोरी का राज़ एक तस्वीर और एक ग्रामीण की टिप से खुला। इस हाई प्रोफाइल केस में जहां श्रद्धालु आहत थे, वहीं रायगढ़ पुलिस के सामने चुनौती थी। सिर्फ चोर पकड़ना नहीं श्रद्धा और आस्था का मान बचाना। नौ दिनों की इस क्राइम इंवेस्टिगेशन में पुलिस ने तकनीक, खुफिया तंत्र और मेहनत से यह केस सुलझा दिया। मामले को लेकर बुधवार को बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ संजीव शुक्ला ने प्रेस वार्ता लेकर मीडिया को जानकारी साझा की।

चोरी की रात पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। मंदिर परिसर, मुख्य सड़कों, सब्ज़ी मार्केट, रेलवे स्टेशन सहित तमाम वो जगह जहां संदेह की सुई घूमी। इन्हीं में एक फुटेज में एक युवक संदिग्ध गतिविधियों में दिखा। उसके हावभाव, चाल ढाल और मूवमेंट पुलिस को खटक गए। तस्वीर स्पष्ट नहीं थी, लेकिन अनुभव और संदेह के आधार पर पुलिस ने उसका स्केच और फोटो सोशल मीडिया पर जारी किया। तस्वीर वायरल होने के बाद एक ग्रामीण ने पहचान की पुष्टि की। यह तो सारथी यादव है सरिया के ठेंगागुड़ी का रहने वाला! फिर क्या पुलिस तुरंत उसके गांव पहुँची, लेकिन आरोपी पहले ही फरार हो चुका था। हालांकि पुलिस भी हार नहीं मानने वाली थी। पुलिस ने चोर को पकड़ने जी जान लगा दी। ऐसे में आखिरकार मास्टरमाइंड पुलिस की पकड़ में आ गया। आरोपी के साथ अन्य 5 लोग भी गिरफ्तार हुए हैं।






**कैसे रची गई श्याम मंदिर में चोरी की साजिश**

चोरी की यह घटना 13 जुलाई रात की है जब मंदिर बंद होने के बाद पुजारी और अन्य स्टाफ परिसर से जा चुके थे। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले से ही मंदिर परिसर की गतिविधियों पर नजर रख रहा था। वह नियमित रूप से दर्शनार्थी बनकर आता जाता रहा ताकि मंदिर की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और ताले आदि की जानकारी हासिल कर सके। 13 जुलाई की रात लगभग 2 बजे के आसपास आरोपी ने पिछली दीवार से मंदिर परिसर में प्रवेश किया। वह पहले सीधे उस स्थान पर गया जहां मंदिर का दानपात्र रखा हुआ था। उसने पहले से दानपात्र खोलने के लिए औजार साथ रखे थे। कुछ ही मिनटों में उसने दानपात्र को तोड़कर उसमें रखी नकदी और आभूषण चुरा लिए।

**बिना मोबाइल वाला मास्टरमाइंड**

अक्सर चोर पुलिस के खेल में चोर पुलिस से ज्यादा समझदार होता है। यही वजह रहती है कि अपराधी पुलिस को कई दिनों तक छकाए रखता है। इस मामले में भी ऐसा ही हुआ। मुख्य आरोपी सारथी यादव मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करता था। कोई डिजिटल ट्रेस नहीं छोड़ता। यानी यह एक पारंपरिक और सावधान अपराधी था, जो पुलिस को चकमा देने में माहिर था।

**बॉर्डर, जंगल और पटरी, पुलिस ने नहीं छोड़ी कोई कसर**

पुलिस ने अनुमान लगाया कि आरोपी रेलवे पटरी और जंगलों के रास्ते ओड़िसा भागा होगा। ऐसे में पुलिस की टीम महापल्ली, कोतरलिया जैसे सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय हो गई। पुलिस ने हर खेत, हर गांव, हर रास्ते पर नजर रखी। लेकिन अंत में आरोपी सरिया क्षेत्र में मिला। आखिरकार, ओड़िसा बॉर्डर पर एक गांव में सारथी यादव को दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल किया और पूरा घटनाक्रम बताया कि कैसे उसने मंदिर की रेकी की, सब्ज़ी मंडी से रॉड और पन्नी जुटाई, और बारिश का फायदा उठाकर मंदिर में सेंध लगाई।

**पत्नी और साथियों को सुनाई पूरी वारदात**

चोरी के बाद सारथी घर पहुंचा और अपने साथियों में पत्नी नवादाई समेत मानस भोय, उपेन्द्र भोय और ओड़िशा के विज्जु प्रधान व दिव्य प्रधान को सारा किस्सा बताया। माल छिपाने और बेचने की योजना वहीं बनी। यहीं से पुलिस ने कड़ियाँ जोड़ीं और पूरे गिरोह को धरदबोचा। बहरहाल अब जब आरोपी पुलिस के कब्जे में आ गए हैं तो उनसे सोने का मुकुट, गलपटिया, कुण्डल, चार छत्तर, नकदी समेत चोरी में गए सभी सामग्री बरामद कर लिए गए हैं।



### कलेक्टर ने तीर्थ यात्रियों को दिखाई हरी झंडी

**सारंगढ़।** समाज कल्याण विभाग के रामलला अयोध्या धाम तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत यात्री दल के बस को कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। जिले के 30 यात्री काशी विश्वनाथ मंदिर, हनुमानगढ़ी और अयोध्या में भगवान श्री रामलला के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर सत्ताधारी दल के जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल, अरविंद हरिप्रिया, अमित अग्रवाल, मनोज जायसवाल, जसविंदर सिंह छाबड़ा, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी सहित रामभूषण तिवारी उपस्थित थे। श्रीरामलला दर्शन योजना के स्पेशल ट्रेन को बिलासपुर में धर्मलाल कौशिक विधायक बिल्हा, धर्मजीत सिंह, विधायक तखतपुर, सुशांत शुक्ला बेलतरा विधायक, नीलू शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड, राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष बिलासपुर, दीपक सिंह, कौशिक मित्रा डिप्टी सीसीएम रेलवे, अमित मिश्रा आयुक्त नगर निगम बिलासपुर ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इसमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ सहित बिलासपुर संभाग के 850 यात्रियों को लेकर स्पेशल ट्रेन अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई।

## खरसिया के श्याम मुरथलिया की उड़ान अब अंतरराष्ट्रीय मंच तक

**खरसिया।** नगर के होनहार युवा श्याम मुरथलिया अंतर्राष्ट्रीय स्तर में परचम लहराकर खरसिया का नाम रोशन करेंगे। शुरू से ही मेघावी छात्र रहे श्याम सिंघल मुरथलिया 10वी तक की पढ़ाई सेंट जोन्स स्कूल से की उसके बाद 12वी तक कि पढ़ाई इन्होंने मोनेट के स्कूल से की उच्च शिक्षा के लिए इन्होंने रायपुर का रुख किया। स्वर्गीय राम मुरथलिया के भांजे श्याम सिंघल मुरथलिया अपने रायपुर के साथी हरजोत सलूजा और ऋतिका जुमानी के साथ मिलकर आईसीएआई भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पिच डेक प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उक्त प्रतियोगिता 18-19 जुलाई 2025 को जयपुर में आयोजित हुई थीए जिसमें देशभर की प्रमुख टीमों ने भाग लिया। श्याम एवं उनकी टीम ने पहले क्षेत्रीय स्तर पर 34 टीमों को हराकर सीआईआरसी सेंट्रल इंडिया रीजनल कॉउंसिल का प्रतिनिधित्व किया और फिर राष्ट्रीय स्तर पर 4 टीमों को पराजित कर यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह विजेता टीम भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाएगी अन्य देश मे जहाँ आईसीएआई की ग्लोबल पिच डेक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। श्याम ने कहां मेरे मामा श्री राम मुरथलिया के आशीर्वाद का ही परिणाम है आज जो में इस मुकाम तक पहुंच पाया यह खरसिया ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ और भारत के लिए एक अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। सभी नगरवासियों की शूभ कामना, आपके साथ है आपकी टीम अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन करें।




### सुरक्षा कर्मी चयन के लिए शिविर की तिथि निर्धारित

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ सहित अन्य राज्य और जिलों में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के इच्छुक महिला और पुरुष बेरोजगारों को सुरक्षाकर्मी का रोजगार देने के लिए निजी सुरक्षा कंपनी एसआईएस लिमिटेड क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र जशपुर द्वारा जिले में शिविर का निशुल्क आयोजन किया जाएगा। बरमकेला ब्लाक के ग्राम पंचायत भवन साल्हेओना में 25 जुलाई को शिविर का आयोजन होगा। इसी प्रकार सारंगढ़ ब्लॉक में जनपद पंचायत कार्यालय सारंगढ़ में 28 जुलाई, ग्राम पंचायत छिंद में 30 जुलाई, सालर में 4 अगस्त, गोडम में 5 अगस्त, कोसीर में 6 अगस्त को शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ जनपद पंचायत भवन में 8 अगस्त, ग्राम पंचायत भवन बांसउरकुली में 11 अगस्त और पीपरभवना में 12 अगस्त को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## शहीद वीर नारायण सिंह कालेज में जनमन पत्रिका का वितरण

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यापम और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर जिले के परीक्षार्थियों के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा अप्रैल और मई माह के प्रकाशित जनमन पत्रिका सहित पोस्टर का वितरण मंगलवार को बिलाईगढ़ के शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, बिलाईगढ़ कॉलेज के अध्यक्ष जगदीश पाण्डेय, प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र, जनसंपर्क विभाग की ओर से पत्रकार धनेश यादव, सहायक प्राध्यापक सुनीता विक्रम कोशले, जीवेंद्र कुमार राठौर, पंकज साहू, उमाशंकर भारद्वाज, अन्नू केवरा सहित कर्मचारी बेदी बाई, मोती सोनी, चिरंजीव साहू उपस्थित थे। बुधवार और शुक्रवार सहित अन्य दिनों में भटगांव, सारंगढ़, बरमकेला और सरिया के कॉलेज में भी जनमन पत्रिका और पाम्पलेट का वितरण किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थी अलग अलग माह के जनमन की प्रति प्राप्त कर सकते हैं। अनुपस्थित विद्यार्थी अगले कार्यालयीन दिवस में बिलाईगढ़, भटगांव, बरमकेला और सरिया कॉलेज से प्राप्त कर सकते हैं। सारंगढ़ में प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी देवराम यादव के मोबाइल नंबर 6232007013 से संपर्क कर यह पुस्तक और प्रचार सामग्री प्राप्त कर सकते हैं।

- **सारंगढ़, भटगांव, बरमकेला और सरिया के कॉलेज में भी होगा जनमन का वितरण**



### भारत माता स्कूल में मना हरेली उत्सव




**कटेली।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति को सहेजते हुए भारत माता इंटरनेशनल स्कूल सालर में हरेली पर्व को पारंपरिक अंदाज़ में बड़े ही हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना और कृषि यंत्रों की विधिवत पूजा से हुई। छात्र छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में हरेली गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा गेड़ी दौड़ और भित्त चित्र में बढ़ चढ़कर भाग लिया गया। जिससे सभी में उल्लास की लहर दौड़ गई। विद्यालय के अध्यक्ष घनश्याम पटेल प्राचार्य दीपक जायसवाल एवं लक्ष्मी प्रसाद थूरिया, प्रबंधन चन्द्रहास मालाकार ने विद्यार्थियों को हरेली पर्व की शुभकामनाएं दीं और इसके पर्यावरणीय और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को हरियाली, कृषि और परंपराओं से जुड़ने का संदेश भी दिया।

## गुरु द्रोण स्कूल में हरेली तिहार भव्यता के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरु द्रोण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षकाओं द्वारा छत्तीसगढ़ संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए छत्तीसगढ़ के प्रमुख तिहार हरेली को जिवंत प्रगट करते हुए एवं छत्तीसगढ़ संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए एक विशाल रैली के माध्यम से छत्तीसगढ़ संस्कृति को जन जन एवं घर घर तक पहुँचाने का आव्हान किया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधक एफएल सिंह, उप प्रबंधक गजेन्द्र सिंह, शिक्षा निर्देशक दिलीप कुमार साहू तथा प्राचार्य लोकनाथ देवता एवं हिंदी माध्यम प्राचार्य चरण मालाकार की उपस्थिति से समारोह की शोभा बनी रही। इनके साथ थ विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं शिक्षिकाओं ने भी समारोह के सफल संचालन में अपनी सराहनीय भूमिका निभाई। समारोह में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रेरणादायक भाषणों, कविता, फैंसी ड्रेस और सामूहिक नृत्य सहभागिता ने सभी उपस्थितजनों को आनंदित कर दिया। विद्यालय परिवार का यह समर्पण निश्चित ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहे एवं हमारे छत्तीसगढ़ कि सांस्कृतिक एवं पारम्परिक धरोहर को हमारे नवयुवक विद्यार्थी सदैव बनाये रखे ऐसा आवाहन कर मिष्ठान वितरण करते हुए शाला के उप प्रबंधक गजेन्द्र सिंह द्वारा समारोह समापन की घोषणा की गई।



## जिंदल स्टील लिमिटेड हुआ जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड का नाम अधिकृत रूप से बदलकर जिन्दल स्टील लिमिटेड कर दिया गया है। यह नाम परिवर्तन भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से अनुमोदन के बाद कल प्रभावी हुआ है।

जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड का नाम बदलकर जिन्दल स्टील लिमिटेड करने की मुख्य वजह यह है कि कंपनी सिर्फ अपने मुख्य काम, यानी स्टील उत्पादन पर अधिक ध्यान देने और भविष्य में एक मज़बूत स्टील कंपनी के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नए नाम से कंपनी को देश और विदेश, दोनों जगह अपनी पहचान साफ़ तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। साथ ही कंपनी अपनी पुरानी पहचान और मूल्यों को भी बनाए रखेगी। यह परिवर्तन कंपनी इनकॉरपोरेशन नियम 2014 के नियम 29 के अनुसार किया गया है। इसकी पुष्टि के लिए रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज द्वारा नए नाम को दर्शाने वाला इनकॉरपोरेशन प्रमाणपत्र जारी किया गया है। कंपनी की कॉरपोरेट पहचान संख्या या इसके पंजीकृत कार्यालय के पते में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### कलेक्टर ने कहा-डेंगू नियंत्रण में शहरवासियों की भूमिका भी अहम

# डेंगू नियंत्रण को लेकर फील्ड पर दिखे सजगता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ में डेंगू से बचाव व रोकथाम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य और नगर निगम के साथ अन्य विभागों की महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि रायगढ़ में डेंगू की समस्या प्रतिवर्ष देखने को मिलती है। इससे बचाव और प्रसार नियंत्रण को लेकर नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग सजगता से काम करे।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि डेंगू से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले वार्डों में विशेष अभियान चलाएं। चिन्हांकित हॉटस्पॉट में डेंगूरोधी गतिविधियां संचालन पर फोकस करते हुए साफ सफाई का खास ध्यान रखें। कचरे का नियमित उठाव करवाएं और टेमीफॉस दवा का छिड़काव और फॉगिंग करवाएं। इसमें जनसहभागिता भी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य विभाग को डेंगू के उपचार संबंधी तैयारियों को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और नियमित हेल्थ अपडेट के लिए फॉलोअप की व्यवस्था बनाने के लिए कहा। जनसुविधा की दृष्टि से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सहयोग के लिए फोन नंबर जारी करने के लिए कहा। आश्रम छात्रावासों में भी नियमित साफ सफाई के निर्देश दिए। जिले के अन्य नगरीय निकायों और बड़ी आबादी वाले पंचायतों में भी एहतियात बरतने के निर्देश दिए।



**डेंगू नियंत्रण के लिए लोगो को करें जागरूक**

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि डेंगू नियंत्रण में शहरवासियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डेंगू का लार्वा साफ पानी में फैलता है, जो सामान्यतः घर में खुले में पड़े गमलों, फ्रिज के कंटेनर, कूलर में जमे पानी, छत पर रखे कंटेनर्स व टायर जैसे स्थानों पर जल जमाव से होता है। इसे नियमित रूप से खाली करने के लिए लोगों को जागरूक और प्रेरित किया जाए। स्वास्थ्य, नगर निगम और महिला बाल विकास की टीमें इसके लिए विशेष रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए।

**स्कूलों में ऑडियो वीडियो से दें जानकारी**

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि स्कूलों में ऑडियो वीडियो के माध्यम से छात्र-छात्राओं को डेंगू की रोकथाम के तरीकों को बताएं। इससे न केवल वे अपने घरों में परिवारजनों के साथ मिलकर जल जमाव को रोकने में प्रेरित और सहयोग करेंगे। बल्कि उन्हें डेंगू से बचने के उपायों को लेकर सजगता आएगी।

